# सधारण सभा के सम्मेलन में प्रस्तुत-चौथा वार्षिक प्रतिवेदन

## २००७ - २००८

दिनांक –18.04.08 स्थान :–संस्था कार्यलय

आज दिनांक –18.04.08 को आयोजित वार्षिक सम्मेलन में सहारा संस्थान के सचिव श्री नारायण प्रासाद पटेल द्वारा वर्ष 2007–2008 में संस्थान द्वारा सम्पन्न गतिविधियों की रिर्पोट प्रस्तुत की गयी । बेठक में समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया ।

### ❖ संस्थान द्वारा संचालित गतिविधियां :–

**1. निःशुल्क सिलाई ,काढ़ाई ,बुनाई का प्रशिक्षणा**

संगठन द्वारा इस वर्ष महिलाओं में स्वांलम्वन हेतु निःशुल्क सिलाई ,काढ़ाई ,बुनाई का प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण अवधि तीन माह की थी । जिसमें एक बैंच में 40 महिलाओं एवं लडकीयों को प्रशिक्षण दिया गया । एक दिन में दो बैंच संचालित किये जाते थे । इस तरह एक वर्ष में तीन – तीन माह के तीन कार्यक्रम चालाये गये । एक ब्लााक अर्न्तगत कुल 240 महिलाओं एवं लडकीयों प्रशिक्षण प्राप्त किया । उक्त कार्यक्रम सागर जिले के रहली , राहतगढ़ ,खुरई , बीना में संचालित किया गया । अतः लगभग 800 से अधिक महिलाओं एवं लडकीयों प्रशिक्षणा प्राप्त किया ।

**2. शिक्षा एवं रोजगार परामर्श केन्द्र :–**

संगठन द्वारा शिक्षा एवं परामर्श केन्द्र का संचालन किया जा रहा हैं जिसमें शिक्षा प्राप्त कर रहें छात्र – छात्राऐं शिक्षा एवं रोजगार संबधी परामर्श लेने आते हैं अभी तक 1200 से अधिक छात्र – छात्राऐं शिक्षा एवं रोजगार संबधी परामर्श ले चुके हैं ।

**3. निःशुल्क कोचिंग क्लाशेस :–**

संगठन द्वारा गरीब व असहाय छात्र – छात्राओं को शिक्षा देने हेतु निःशुल्क कोचिंग क्लाशेस का संचालन किया गया । जिसमें कक्षा 6 से लेकर 12 तक के सभी छात्र – छात्राओं को सभी बिषयों का अध्यापन कराया गया । इस बर्ष 475 छात्र – छात्राओं कोचिंग क्लाशेस में भाग लिया ।

**4. निःशुल्क गणवेश एवं पठ्य पूस्तको का वितरण कार्यक्रम :–**

प्रति बर्ष की भांती इस बर्ष भी उन सभी छात्र–छात्राओं को निःशुल्क गणवेश एवं पठ्य पूस्तको का वितरण की गई जो पढना तो चाहता हैं पर उनकि माली हालत कमजोर हैं प्रति बर्ष की भाती इस बर्ष भी 200 छात्र–छात्राओं को गणवेश एवं पठ्य पूस्तको का वितरण की गई ।

## ❖ राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना म.प्र. में सहभागीता :–

### 1. खुरई जिला सागर

संगठन द्वारा इस वर्ष ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना (म.प्र.) के अर्न्तगत सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट के अन्तर्गत हितग्राही मूलक उपयोजना का परियोजना प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन्होंने इस योजना के अन्तर्गत हितग्राहीयों को चयनित कर उनके डी.पी.आर. तैयार किये हैं एवं योजना का प्रचार प्रसार , सर्वे , एवं जागरूकता कार्यक्रम किया गया हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना म.प्र. के अर्न्तगत सागर जिले की खुरई तहसील के अर्न्तगत जनपंद पंचायत खुरई की 63 ग्राम पंचायतो में कराया गया ।

### 2. कुरवाई जिला विदिशा

संगठन द्वारा इस वर्ष ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना (म.प्र.) के अर्न्तगत सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट के अन्तर्गत हितग्राही मूलक उपयोजना का परियोजना प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन्होंने इस योजना के अन्तर्गत हितग्राहीयों को चयनित कर उनके डी.पी.आर. तैयार किये हैं एवं योजना का प्रचार प्रसार , सर्वे , एवं जागरूकता कार्यक्रम किया गया हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना म.प्र. के अर्न्तगत विदिशा जिले की कुरवाई तहसील के अर्न्तगत जनपंद पंचायत कुरवाई की 95 ग्राम पंचायतो में कराया गया ।

## ❖ समग्र स्वच्छता अभियान में सहभागीता :—सागर जिले —जनपद पंचायत — खुरई , देवरी , बीना एवं सीहोर जिला

समग्र स्वच्छता अभियान के अर्न्तगत व्यक्तिगत शौंचलय के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने एवं प्रचार प्रसार कर लोगों को इस कार्यक्रम के अर्न्तगत संस्थान की टीम नुक्कट नाटक प्रत्येक ग्राम में आयोंजित कर लोगों तक समग्र स्वच्छता अभियान की जानकारी लोगो के धर धर पहूचाकर शौचलय के निर्माण के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया । इसी के अर्न्तगत रूची कर स्लोगन दिवालो पर भी लिखवाये गये । जिससे लोगो में जागरूकता वड़े । इस कार्यक्रम का लाभ भी हुआ ।

## ❖ पर्यावरण जागरूकता अभियान :—

पर्यावरण जागरूकता अभियान के अर्न्तगत सागर नगर एवं स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण ,पालीथिन का दुरूपयोग रोकने , भुजल संरक्षण , वृक्षारोपण जेसे महत्व पूर्ण विषयों पर चेतना जागृत करने का अभियान चलाया । जिसमें नगर के गंणमान्य नागरिको सहित स्कूलों तथा महाविद्यालयों के छात्र छात्रो ने भी वड़ चड़ कर भाग लिया ।

## ❖ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन :—

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं की आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणादायी प्रसंग प्रस्तुत किये गये जिसमें नाट्क, भजन संध्या एवं प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया साथ ही निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही एक निःशुल्क महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र अलग से किया जायेगा। जिसमें महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु प्रयास किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री शशिकांता केशरी ने सहभागिता की।

## ❖ स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम :—

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा सुर्य की प्रभात किरणों के साथ ध्वजा रोहण किया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत का गायन किया व शांति के प्रतीक सफेद कबूतर को खुले आकाश में छोड़ा गया। तत्पश्चात् संचालक व समस्त सदस्यों ने भारत के अमर शहीदों की याद में दो मिनिट मौन रहकर श्रृद्धांजली अर्पित की , प्रभातफेरी निकाली गयी, बापू एवं पं. नेहरू की प्रतिमा पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गये। एवं स्कूली छात्रों के मध्य सूचना प्रोद्योगिकी के लाभ के विषय पर बाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजित की गई तथा विजयी छात्रों को पुरूस्कार वितरित किये गये ।

## ❖ एड्स विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन :–

एड्स विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एड्स से बचने के उपायों पर प्रकाश डाला गया। एड्स एक जानलेवा बीमारी है, जिस पर एक परिचर्चा हुई जिसमें प्रथम दिवस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रहली बी.एम.ओ. डा.ए.के. सिंघई ने अपने उद्‌बोधन दिये एवं एड्स के संबंध में जानकारी दी। दूसरे दिन म.प्र.एडस नियंत्रण समिति द्वारा संचालित टी.आई परियोजना दामोह के परियोजना समन्वयक श्री दिनेश तिवारी ने एड्स के संबंध में जानकारी दी एवं बताया कि अब यदि लोग सावधानी बरते एवं जगरूक रहें तो इससे बचा जा सकता हैं ।

## ❖ पल्स पोलियो राष्ट्रीय अभियान में सहभागीता :–

पल्स पोलियो राष्ट्रीय अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के 225 बालक एवं बालिकाओं को पोलियो की खुराक पिलाई गयी एवं प्रोत्साहन स्वरूप खिलोने वितरित किये गये।

## ❖ डेयरी टेक्नालोजी एवं डेयरी फार्म प्रबंधन पर प्रशिक्षणा :–

मुरेना जिले के जोरा ब्लाक में उक्त विशय पर आधुनिक डेयरी फार्म की सीापना के इच्छुक 25 युवाओं को इस विशय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षणा कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें बैंक ऋण प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गयी । यह प्रशिक्षण शुल्क आधारित था ।

SAHARA

A SOCIAL WELFARE ORGINAIZATION

Head Off.: C/O.MR.B.K.SEN,BIHAIND T.C.P.C , SASTHRI WARD , KHURAI ROAD ,SAGAR – 470002 ( M.P.)
Ph.no.07582-246441 Fex no.-07582-404399Email: sahara_rehli@yahoo.com ; sahara_sagar@rediffmail.com